KANWHIZZ TIMES, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

आईटी विज में एलपीएस और ला मॉर्टिनियर ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित आईटी विज में विजेता छात्रों को पुलिस महानिदेशक एएल बनर्जी, भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति श्रुति शडोलिकर कटकर और टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने पुरस्कृत किया।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों के 1200 छात्रों ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित आईटी विज में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से किया गया था। इस अवसर पर विजेता छात्रों को पुलिस महानिदेशक एएल बनर्जी, भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति श्रुति शडोलिकर कटकर और टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने पुरस्कृत किया। आईटी विज में लखनऊ पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के छात्र सचिन बंसल और अभिनव सिंह पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे स्थान पर ला मार्टिनियर कॉलेज के छात्र प्रखर राय और आदित्य जालान रहे। सभी विजेता छात्र मेगा फाइनल में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। इसके आलावा छह और प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।